RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 207 | नागौर, 29 जून, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition




# नूपुर शर्मा के सपोर्ट में पोस्ट करने वाले का मर्डर

## दुकान में घुसकर गला रेतकर हत्या, उदयपुर में तनाव





उदयपुर

राजस्थान के उदयपुर में नूपुर शर्मा का समर्थन करने वाले एक शख्स की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि इस शख्स ने 10 दिन पूर्व नूपुर शर्मा के समर्थन में फेसबुक पर पोस्ट लिखा था। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें दो शख्स धारदार हथियार लेकर अपना जुल्म कबूल करते दिख रहे हैं। उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल ने 10 दिन पहले नूपुर शर्मा के समर्थन में एक पोस्ट किया था। उन्हें उसी दिन से धमकी मिलने लगी थी।

घटना उदयपुर के मालदास स्ट्रीट में भूतमहल के पास की है। इसके बाद शहर में तनाव का माहौल पैदा हो गया है। आक्रोशित लोगों ने बाजार बंद करवा दिए हैं और कलेक्ट्री के पास देहलीगेट पर प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वो हर पहलू की जांच कर रहे हैं। आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह मामला पहले भी एक बार थाने तक पहुंचा और पुलिस ने दोनों के बीच समझौत भी करवा दिया था। लेकिन, हिंसक प्रवृत्ति के आरोपी ने युवक के गले पर वार कर नृशंस हत्या कर दी। आरोपी उसे कई दिनों से धमकियां भी दे रहा था। पुलिस आरोपियों को पकड़ने में जुट गई है।

### आरोपी कपड़े सिलवाने के लिए नाप देने के बहाने पहुंचा और हमला कर दिया

धानमंडी थाना क्षेत्र में भूतमहल के पास सुप्रीम टेलर्स के नाम से दुकान चलाने वाले कन्हैयालाल तेली (40) दुकान पर ही काम कर रहा था, तभी दोपहर करीब ढाई बजे दो बदमाश आए। कपड़े सिलवाने के बहाने दुकान में प्रवेश किया। कन्हैयालाल कुछ समझ पाता, उससे पहले ही बदमाशों ने उस पर चाकू व तलवार से हमला बोल दिया। आधा दर्जन से अधिक वार किए। कन्हैयालाल की मौके पर ही मौत हो गई। संवेदनशील इलाका होने के कारण बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। कई सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने शहर के अंदर चार दिवारी व आसपास बाजार बंद करवा दिए गए। पुलिस के आला अधिकारी और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके से सबूत जुटाए।

### नेता प्रतिपक्ष ने आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की

घटना की सूचना मिलने के बाद शहर विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने एसपी मनोज चौधरी से बातचीत की और आरोपियों को पकड़ने की अपील की।

### परिजनों ने क्या कहा

परिजनों ने बताया कि कन्हैयालाल गोर्वधन विलास इलाके का रहने वाला था। 10 दिन पहले उसने नुपूर शर्मा के पक्ष में सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इसके बाद से समुदाय विशेष के लोग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। कन्हैयालाल लगातार धमकियों से परेशान था। 6 दिनों से उसने अपनी टेलर्स की दुकान भी नहीं खोली थी। उसे पुलिस को धमकियां देने वाले युवकों के बारे में नामजद रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने उसे थोड़े दिन संभलकर रहने का बोलकर गंभीर नहीं लिया।

# आकाश अंबानी बने रिलायंस जियो के चेयरमैन

## मुकेश अंबानी ने डायरेक्टर पोस्ट से किया रिजाइन

नई दिल्ली

मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो इंफोटेक लिमिटेड में मैनेजमेंट लेवल पर बड़ा फेरबदल हुआ है। मार्केट रेगुलेटरी सेबी को दी गई जानकारी में रिलायंस जियो ने बताया कि 27 जून 2022 को बोर्ड की मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग में रिलायंस जियो के बोर्ड ने आकाश अंबानी को बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। मुकेश अंबानी ने 27 जून से प्रभावी कंपनी के निदेशक के रूप में इस्तीफा दे दिया है।

### पंकज मोहन होंगे मैनेजिंग डायरेक्टर

पंकज मोहन पवार 27 जून से कंपनी के प्रबंध निदेशक का पद संभालेंगे। अगले पांच साल तक पंकज मोहन मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर रहेंगे। रामिंदर सिंह गुजराल और के.वी. चौधरी, कंपनी के एडिशनल डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किए गए हैं। सेबी को दी गई जानकारी के मुताबिक, कंपनी के निदेशक के रूप में मुकेश डी. अंबानी ने 27 जून, 2022 से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चैयरमैन के रूप में आकाश एम. अंबानी को Non-Executive Director की नियुक्ति को मंजूरी दी गई है।

### रिलायंस के शेयरों में तेजी

बता दें कि रिलायंस जियो मुकेश अंबानी की टेलीकॉम कंपनी है। Jio Platforms, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। कंपनी की स्थापना साल 2019 में हुई थी। बीएसई पर आज रिलायंस



इंडस्ट्रीज के शेयर 2,529.00 रुपये पर बंद हुए हैं, जो कल के बंद भाव से 1.49 फीसदी ज्यादा है। एनएसई पर यह शेयर1.50% चढ़कर 2530.00 प्रति शेयर पर बंद हुआ।

ठाकरे सरकार पर संकट

# 50 विधायकों के समर्थन के साथ शिंदे ने ठोका शिवसेना पर दावा

## उद्धव ठाकरे की बागियों से अपील- लौट आइए



नई दिल्ली.

महाराष्ट्र की सियासत में हलचल तेज होती नजर आ रही है। गुवाहाटी में जहां एकनाथ शिंदे ने 50 विधायकों के समर्थन के साथ एक बर फिर से शिवसेना पर दावा ठोक दिया है। वहीं शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने बागी विधायकों से लौट आने और बैठकर हर गिले-शिकवे पर बातचीत करने की अपील की है। इससे पहले गुवाहाटी के होटल में मौजूद शिवसेना के बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे मंगलवार को मीडिया के सामने आए। वहां उन्होंने कहा- हम शिवसेना में ही हैं। हम हिंदुत्व का मुद्दा आगे ले जा रहे हैं। शिंदे ने जल्द मुंबई जाने की बात भी कही। उन्होंने एक बार फिर शिवसेना पर दावा ठोका और कहा कि उनके साथ 50 विधायक हैं।

इधर, भाजपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मंगलवार को करीब 2 बजे चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली पहुंचे। सरकार बनाने की संभावनाओं के बीच करीब सवा चार बजे वे पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने गए। इसके बाद वे गृह मंत्री अमित शाह से भी मिलेंगे। चर्चा यह भी है कि शिवसेना के बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे भी आज ही दिल्ली जा सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, शिंदे गुट और भाजपा के बीच सरकार बनाने पर मंथन भी चल रहा है। भाजपा ने शिंदे गुट को 8 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्रियों का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, डिप्टी सीएम के लिए एकनाथ शिंदे का नाम रखा गया है। गुलाबराव पाटिल, संभुराज देशाई, संजय शिरसाट, दीपक केसरकर, उदय सामंत को मंत्री बनाया जा सकता है।

### उद्धव की बागियों से अपील- झांसे में न रहें, लौट आएं

शिव सैनिक विधायक भाइयों और बहनों जय महाराष्ट्र! आप पिछले कुछ दिनों से गुवाहाटी में फंसे हुए हैं। आपके बारे में रोज नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं, आप में से कई लोग संपर्क में भी हैं। आप अभी भी दिल से शिवसेना में हैं। आप में से कुछ विधायकों के परिवार के सदस्यों ने भी मुझसे संपर्क किया है और मुझे अपनी भावनाओं से अवगत कराया है। शिवसेना के परिवार के मुखिया के रूप में मैं आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं। भ्रम से छुटकारा पाएं, इसका एक निश्चित रास्ता होगा, हम बैठेंगे एक साथ और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजें। किसी के गलत कामों के झांसे में न आएं, शिवसेना द्वारा दिया गया सम्मान कहीं नहीं मिल सकता, आगे आकर बोलेंगे तो मार्ग प्रशस्त होगा।

# रूस ने यूक्रेन के शॉपिंग मॉल में दागी मिसाइल

## 16 की मौत, 59 से ज्यादा घायल



कीव/मॉस्को.

रूस ने यूक्रेन के क्रेमेनचुक शहर के एक शॉपिंग मॉल पर मिसाइल दागी है। इस हमले में अब तक16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 59 से ज्यादा लोग घायल हो गए। जिस वक्त हमला हुआ उस समय मॉल में एक हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। मंगलवार सुबह यूक्रेन इमरजेंसी सर्विसेज के चीफ ने हमले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

### रूसी सेना लिसीचेंस्क शहर के नजदीक पहुंची

रूस और यूक्रेन के बीच मंगलवार को 123वें दिन भी जंग जारी है। यूक्रेन के अधिकारियों ने लिसीचेंस्क के लोगों से आग्रह किया है कि वह अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह चले जाएं, क्योंकि रूसी सेना बेहद नजदीक पहुंच चुकी है। हालांकि, इसको लेकर लोग नाराज हैं।

# नौकरियों में राजस्थान के युवाओं को 100% रिजर्वेशन की तैयारी

## कई राज्यों ने किया है, हम भी स्टडी करा रहे हैं : गहलोत



जयपुर.

राजस्थान में सरकार सरकारी नौकरी में प्रदेश के युवाओं को 100% रिजर्वेशन देने की तैयारी कर रही है। सरकार इसके कानूनी पहलू का परीक्षण करा रही है। अगर कोई अड़चन नहीं आई तो राजस्थान में होने वाली सरकारी भर्तियों में राज्य के बाहर के अभ्यर्थी शामिल नहीं हो सकेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को यूथ एक्सीलेंट सेंटर के शिलान्यास समारोह में यह संकेत दिए। गहलोत ने कहा- प्रदेश में पिछले कुछ वक्त से सरकारी नौकरियों में प्रदेश के युवाओं को आरक्षण देने की मांग उठ रही है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की भावना के हिसाब से कहते हैं वह ठीक नहीं है। मैं स्टडी करवा रहा हूं। अगर ऐसी स्थिति बनी देश के अंदर, तो राजस्थान पहला राज्य होगा जहां युवाओं को पूरा आरक्षण मिलेगा।

# संजय राउत की ईडी के सामने 1 जुलाई को पेशी: जमीन घोटाला केस में नया समन जारी

नई दिल्ली.

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने शिव सेना सांसद संजय राउत को 24 घंटे में दूसरा समन जारी किया है। अब जांच एजेंसी के सामने राउत की पेशी 1 जुलाई को होगी। राउत से पात्रा चॉल जमीन घोटाले से जुड़े दस्तावेज भी लाने को कहा गया है। इससे पहले ईडी ने पात्रा चॉल जमीन घोटाला केस में पूछताछ के लिए राउत को 29 जून को हाजिर होने का नोटिस दिया था। उनके वकील ने मुंबई ईडी ऑफिस जाकर पेशी के लिए मोहलत मांगी थी।

# मुंबई में चार मंजिला इमारत गिरी, 14 की मौत

## 15 को निकाला गया, मलबे में 8 लोगों के दबे होने की आशंका

मुंबई.

मुंबई के कुर्ला पूर्व के नाइक नगर में सोमवार देर रात एक चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 14 की मौत हो गई। इनमें से एक की मौके पर, जबकि 9 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई है। बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने बताया कि 9 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। दमकल विभाग के अनुसार, इमारत के मलबे के नीचे 7-8 लोग फंसे हुए हैं। पुलिस को आशंका है कि अभी और भी लोग हो सकते हैं।

एनडीआरएफ, बीएमसी और मुबंई पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। बीएमसी की अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी भिड़े ने बताया कि इमारत जर्जर हो चुकी थी। 2013 से पहले मरम्मत और फिर इमारत को गिराने के लिए नोटिस दिए गए थे। बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने बताया कि हमने इमारत को सी-1 श्रेणी में रखा था यानी बिल्डिंग में रहने लायक नही है, लेकिन कुछ अधिकृत लोगों ने सी-1 में रखे जाने का विरोध किया। उन्होंने आर्किटेक्कर से खुद स्ट्रक्कर ऑडिट कराया। उनकी रिपोर्ट में बिल्डिंग को सी-2 की श्रेणी घोषित किया गया यानी इमारत को रिपेयरिंग कर उसमें रहा जा सकता है। अब तक जो जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक अभी भी कई लोग फंसे हुए हैं। कुछ लोगों के जिंदा होने की संभावना है। उन्हें बचाने की पूरी कोशिश हो रही है। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री सुभाष देसाई ने मृतक के परिवार को 5 लाख रुपए आर्थिक



सहायता और घायलों का फ्री इलाज करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जांच की जाएगी, जो भी जिम्मेदार हुए उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए मीटिंग बुलाई गई है। इससे पहले, एकनाथ शिंदे ने मृतक के परिवार को 5 लाख और घायलों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक मदद का ऐलान किया था।

## सम्पादकीय

# खींचतान की सत्ता

महाराष्ट्र में सत्ता के लिए चल रही खींचतान अब अदालत की परिधि में आकर एक नए दौर में प्रवेश कर गई है। सत्ताधारी गठबंधन महाविकास आघाडी की एक अहम घटक शिवसेना के भीतर हुई बगावत के बाद से यह स्थिति बनी हुई है कि मौका मिलते ही दोनों पक्ष नया दांव चल रहे हैं। हालांकि फिलहाल ऐसी तस्वीर उभर कर सामने नहीं आई है कि भविष्य में राज्य की सत्ता किसके हाथ में रहेगी। एक ओर, ज्यादातर विधायकों के बागी गुट में चले जाने के बावजूद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे राजनीतिक बिसात पर नई चाल चलने के साथ-साथ नियमों के सहारे पदों के निर्धारण की कवायद भी कर रहे हैं तो दूसरी ओर विधानसभा में अयोग्य ठहराए जाने के खतरे के बीच विद्रोह करने वाले गुट के नेता एकनाथ शिंदे सियासी दांव को मजबूत करने की कोशिश के साथ-साथ अदालत की शरण में गए हैं। इसका तात्कालिक असर यह हुआ है कि उन्हें एक तरह से कुछ दिनों की मोहलत मिल गई है, जिसमें वे अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए सियासी गुणा-भाग को और पुख्ता कर रहे हैं। दरअसल, बागी विधायकों को सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने के मसले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में विधानसभा अध्यक्ष के साथ-साथ सभी पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। इसके तहत पांच दिनों के भीतर अदालत में सबको हलफनामा दाखिल करना होगा और ग्यारह जुलाई को अगली सुनवाई तक सभी पक्षों को यथास्थिति बहाल रखनी होगी। जाहिर है, इससे एक ओर जहां उद्धव ठाकरे को बागी विधायकों को सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने सहित कुछ फौरी कार्रवाइयों के जरिए हालात को अपने पक्ष में करने के मोर्चे पर थोड़ी मुश्किल पेश आई है, वहीं एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों को कुछ और वक्त मिल गया है। हालांकि शिवसेना में इतने बड़े पैमाने पर बगावत की खबर आई थी, तब भी एक तरह से यह साफ था कि बागी विधायकों के इस कदम के पीछे कोई बड़ा आश्वासन है। शुरुआती दौर में ऐसा लगा भी कि एकनाथ शिंदे के गुट का पलड़ा भारी पड़ रहा है और उद्धव ठाकरे अपने कदम पीछे खींच रहे हैं। लेकिन इसके बाद पिछले कुछ दिनों से उद्धव ठाकरे और उनके पक्ष की ओर से जैसा सख्त रुख सामने आ रहा है, उससे लग रहा है कि बागी गुट का रास्ता शायद आसान नहीं हो। हालांकि अदालत की ओर से यथास्थिति बहाल रखने के आदेश के बाद संभव है कि कुछ दिनों के लिए उथल-पुथल में थोड़ी नरमी दिखे, लेकिन इतना साफ है कि दोनों पक्षों के बीच जैसा टकराव सामने आ चुका है, उसमें किसी अंजाम तक पहुंचना ही एक रास्ता रह गया है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रकारांतर से इसका संकेत भी दे दिया जब उन्होंने नौ बागी मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की और उनके मंत्रालय छीन लिए। खुद एकनाथ शिंदे के विभाग का कार्यभार सुभाष देसाई को सौंप दिया गया। जाहिर है, उद्धव ठाकरे यही जताने की कोशिश कर रहे हैं कि अड़तीस विधायकों के चले जाने के बावजूद वे आसानी से मैदान छोड़ने वाले नहीं हैं। यों शिंदे गुट ने महाविकास आघाडी सरकार से समर्थन वापसी की घोषणा कर दी है, मगर गठबंधन के अन्य घटक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस फिलहाल उद्धव ठाकरे सरकार को बचाने की कोशिश में हैं। अब शिंदे का गुट अपनी सदस्यता बचाने के साथ किसी तरह भाजपा का समर्थन हासिल कर लेता है तो उद्धव ठाकरे की मुश्किल बढ़ सकती है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद देखना यह है कि अगले कुछ दिनों में राज्य की मौजूदा सरकार और बागी गुट के पक्ष में कैसे समीकरण तैयार होते हैं।

# ब्रिक्स के भीतरी विरोधाभास

**ब्रिक्स के गठन की नींव बीस साल पहले पड़ी थी। तब इसके पीछे मकसद अमेरिकी जनित आर्थिक ढांचे से हट कर एक वैकल्पिक आर्थिक व्यवस्था का निर्माण करना था। यह विचार अच्छा था, पर इस पर ढंग से काम नहीं हो पाया। इसलिए 2009 के बाद से ब्रिक्स के औचित्य पर ही सवाल खड़े किए जाने लगे। अब इस बात की आशंकाएं गहराती जा रही हैं कि कहीं ब्रिक्स के विस्तार की आड़ में इसके विघटन की शुरुआत न होने लगे। इसके कारण हैं। पहला कारण यह कि ब्रिक्स का विस्तार चीन अपने नक्शे कदम पर करना चाहता है। उसकी कोशिश जी-20 संगठन से कुछ देशों को ब्रिक्स में शामिल करने की है। इसमें इंडोनेशिया भी है। गौरतलब है कि इंडोनेशिया को लेकर भारत के रिश्ते अच्छे हैं। चीन अफ्रीका के दो महत्वपूर्ण देशों- नाइजीरिया और सेनेगल को भी ब्रिक्स में शामिल करने की कोशिश करेगा। इनके शामिल होते ही संगठन में दक्षिण अफ्रीका की अहमियत घटने लगेगी। दक्षिण अफ्रीका की सहमति के बिना इनको खेमे में लेना ब्रिक्स के विघटन का कारण बन सकता है।**

**ब्रिक्स** के गठन की नींव बीस साल पहले पड़ी थी। तब इसके पीछे मकसद अमेरिकी आर्थिक ढांचे से हट कर एक वैकल्पिक आर्थिक व्यवस्था का निर्माण करना था। यह विचार अच्छा था, पर इस पर ढंग से काम नहीं हो पाया। इसलिए 2009 के बाद से ब्रिक्स के औचित्य पर ही सवाल खड़े किए जाने लगे। हाल में ब्रिक्स देशों की चौदहवीं शिखर बैठक में सदस्य देशों ने अलग-अलग बातें कहीं। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने अमेरिका और पश्चिमी देशों पर निशाना साधा और रूस पर आर्थिक प्रतिबंध थोपने की निंदा की। साथ उन्होंने मौजूदा वैश्विक आर्थिक संकट के लिए इन देशों को दोषी ठहराया। दूसरी तरफ सकारात्मक पहलू को रेखांकित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व आर्थिक व्यवस्था को बेहतर और लोकतांत्रिक बनाने पर जोर दिया और महामारी से निपटने के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था को भी अपने भाषण का हिस्सा बनाया। जबकि चीन ने दुनिया को शीत युद्ध से बचने की नसीहत दी। दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील ने भी महामारी और उससे निपटने में ब्रिक्स के योगदान का जिक्र किया। इससे यह साफ हो गया कि ब्रिक्स के सदस्य देशों की प्राथमिकताएं क्या हैं। अगर संक्षेप में ब्रिक्स की सार्थकता और गतिशीलता को देखा जाए तो कई विसंगतियां और विरोधाभास सामने आते दिखाई देते हैं। भारत और चीन के बीच जिस तरह का गतिरोध बना हुआ है और भारत को लेकर चीन का जो आक्रामक रुख कायम है, उससे ब्रिक्स की एकता कहीं न कहीं प्रभावित होती है। ताजा विवादों को लेकर चीन अपनी जिद पर अड़ा है। भारत ने 1950 से लेकर 2019 तक चीन की हर मुसीबत में साथ दिया। इसके बावजूद चीन की नजर में भारत एक सहयोगी नहीं, बल्कि विरोधी है, इस सोच ने दोनों देशों के बीच तल्खी पैदा कर दी।

आज भारत को ब्रिक्स और पश्चिमी कूटनीति के बीच जिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वैसी स्थिति पहले शायद ही कभी बनी हो। लेकिन जिस कुशलता के साथ भारत ने क्वाड और ब्रिक्स में संतुलन साधा है, वह विदेश नीति के मोर्चे पर कम बड़ी बात नहीं है। जर्मनी में जी-7 देशों की बैठक में भी ब्रिक्स के दो सदस्य भारत और दक्षिण अफ्रीका मौजूद हैं। यह भी कि यूक्रेन युद्ध के मसले पर संयुक्त राष्ट्र में तटस्थ नीति छोड़ने के लिए भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका पर दबाव भी बनेगा। जबकि भारत पहले भी अपनी बात स्पष्ट कर चुका है। ब्रिक्स की प्रासंगिकता का को लेकर भी सवाल उठ ही रहे हैं। दरअसल चीन ब्रिक्स का विस्तार करने की कोशिश में लगा है। ब्रिक्स प्लस बनाने के पीछे चीन की योजना यही है कि वह अमेरिकी और पश्चिमी ताकतों के समांतर नया समूह खड़ा कर सके। लेकिन उसकी यह कोशिश क्या सिरे चढ़ पाएगी, यह बड़ा सवाल है। अगर ब्रिक्स का विस्तार होता है तो भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की क्या भूमिका होगी, यह स्पष्ट नहीं है। गौरतलब है कि भारत अमेरिका के नेतृत्व वाले क्वाड समूह का भी महत्त्वपूर्ण सदस्य है। इसी तरह अर्जेंटीना के ब्राजील से अच्छे रिश्ते नहीं है। अगर ब्राजील की सहमति के बिना अर्जेंटीना को ब्रिक्स में लिया गया तो यह भी कम पेचीदा स्थिति नहीं होगी। चीन की सूची में कई और भी देश हैं। चीन की पूरी कोशिश एक ऐसा नया



खेमा खड़ने की है जो अमेरिका और उसके वर्चस्व वाले खेमे को चुनौती दे सके। दूसरा कारण यह है कि ब्रिक्स का आर्थिक आधार अभी भी बहुत कमजोर है। अभी पांचों देशों की कुल आबादी तकरीबन दुनिया की चालीस फीसद के करीब है। पांचों देशों की जीडीपी वैश्विक जीडीपी का एक चौथाई है। पच्चीस लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था अठारह लाख करोड़ तो केवल चीन का हिस्सा है, जबकि भारत साढ़े तीन लाख करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। बाकी तीन देशों की स्तिथि बेहद नाजुक है। वैश्विक महामारी में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका काफी पीछे रह गए हैं। ब्रिक्स का आपसी व्यापार मुश्किल से बीस फीसद रह गया है। ऐसे हालात में इस बात की उम्मीद की जा सकती है कि ब्रिक्स यूरोपियन महासंघ या जी-7 की बराबरी कर पाएगा? तीसरी वजह यूक्रेन युद्ध ने एक नई मुसीबत खड़ी कर दी है। एक बार फिर से दुनिया दो खेमों में बंट गई है। नए शीत युद्ध का आगाज होता दिख रहा है। यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के दामों में भारी इजाफा हुआ है। दरअसल चीन इस युद्ध को लेकर अपनी चौकड़ी बनाने की कवायद में लगा है। सैन्य रूप से मजबूत रूस आर्थिक रूप से पूरी तरह से कमजोर पड़ता जा रहा है। युद्ध ने उसकी हालत और जर्जर बना दी है। इसलिए चीन रूस को लेकर एक ऐसा गुट बनाना चाहता है जो दुनिया का मठाधीश बनने के उसके सपने को पूरा कर सके। इसके लिए वह ताइवान पर हमले का पत्ता भी चलने को तैयार दिखता है। चौथा कारण यह कि चीन तेजी से विस्तारवादी नीति पर चल रहा है। श्रीलंका, पाकिस्तान, मलेशिया, आस्ट्रेलिया और कई अफ्रीकी देश चीन की इस कुटिलता का दंश झेल रहे हैं। जहां तक सवाल है भारत का, तो भारत और चीन के बीच दो साल से गंभीर टकराव चल रहा है। हालांकि चीन इसे गंभीर सीमा विवाद के रूप में नहीं देख रहा, पर भारत के लिए यह बेहद नाजुक मसला बन गया है। भारत ने साफ कर दिया है कि विवादित स्थलों से पहले चीनी सेना की वापसी हो तभी और बातचीत संभव होगी। चीन ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरीके से वैश्विक व्यवस्था को अपने तरीके से संचालित करने की साजिश रची है, उससे दुनिया के तमाम देशों का चिंतित होना स्वाभाविक है। दुनिया के सामने कभी भी इतना डर और संशय नहीं रहा जितना कि आज इस बात को लेकर है कि अगर चीन दुनिया का मुखिया बन गया तो क्या होगा? अब यूक्रेन युद्ध की वजह से वैश्विक राजनीति के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं।

## व्यापार समाचार

# सरकार एमएसएमई क्षेत्र के लिए कर्ज की बाधाओं को दूर करने को प्रतिबद्ध : वर्मा

लखनऊ।

केंद्रीय एमएसएमई राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार इस क्षेत्र में ऋण प्रवाह की तमाम बाधाओं को दूर करने और कर्ज संबंधी सुविधाओं का एक बेहतर तंत्र विकसित करने के लिये प्रतिबद्ध है। वर्मा ने उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन के दूसरे दिन के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश में एमएसएमई क्षेत्र को विकास के नये इंजन के तौर पर विकसित किया जा रहा है। नवाचार के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी और आधुनिक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान जब कारोबारी गतिविधियां काफी शिथिल पड़ गई थी, उद्योग धंधों के समक्ष कारोबार का संकट खड़ा हो गया था, तब सरकार ने इस क्षेत्र के लिये कई प्रावधान किये। आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत पांच लाख करोड़ रूपये तक के कर्ज की सुविधा का प्रावधान किया गया। सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिये ऋण गारंटी ट्रस्ट के माध्यम से दो लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज़ उपलब्ध कराने की सुविधा दी गई। वर्मा ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र से निर्यात लगातार बढ़ रहा है। देश के निर्यात में इस क्षेत्र का योगदान लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। वहीं देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 30 प्रतिशत हिस्सेदारी एमएसएमई क्षेत्र की है।







## आज का राशिफल

### मेष
आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

### वृषभ
नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। व्यापार लाभदायक रहेगा।

### मिथुन
रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। कर्ज की रकम चुका पाएंगे।

### कर्क
व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा। प्रसन्नता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

### सिंह
व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। दूसरों को कार्य में हस्तक्षेप न करें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है।

### कन्या
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

### तुला
व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### वृश्चिक
प्रसन्नता रहेगी। भाग्य अनुकूल है। लाभ लें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा।

### धनु
लाभ होगा। लाभ में कमी रह सकती है। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आलस्य न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें।

### मकर
व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा।

### कुंभ
प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रमाद न करें। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी।

### मीन
रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा।

# धरने पर बैठे ग्रामीण हुए हिंसक, पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया तो हो गई लाठी-भाठा जंग

## खजवाना ग्राम में रात्रि दो बजे हुई फायरिंग, पांच छः नकाबपोश एक घर में घुसे





### पत्थरबाजी में कुचेरा थानाधिकारी राजपालसिंह समेत 5 पुलिसकर्मी हुए घायल

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूण्डवा के निकटवर्ती गांव खजवाना में सोमवार-मंगलवार की रात्रि दो बजे के करीब पांच छः नकाबपोश एक घर में घुस गये। मकान मालिक कमलेश जाखड़ के जाग जाने पर नकाबपोश भागने लग गये। कमलेश ने हिम्मत करके दो जनों को पकड़ लिया। इनमें से एक जने के हाथ में धातु का पंच लगा हुआ था। नकाबपोश ने कमलेश पर ताबड़तोड़ वार किये जिससे कमलेश के कनपटी और पसलियों में पंच लगे, जिससे वो लहुलुहान हो गया। बाद में भागते हुए नकाबपोशों ने गांव के जाखड़ों के बास में हवाई फायर भी किया। कमलेश के अनुसार हमलावर अपने चेहरों को ढककर नकाब लगाकर और जुत पहनकर पुरी तैयारी के साथ आए थे। वो वारदात को अंजाम देकर एक बोलेरो वाहन में भागते दिखाई दिये। घटना की सूचना मिलने पर रात्रि में ही कुचेरा थानाधिकारी राजपालसिंह मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पंहुचे। वहीं मूंडवा वृताधिकारी विजयकुमार सांखला भी घटना स्थल पर पंहुचे। साथ ही ग्रामीण इसको लेकर सुबह से ही धरने पर बैठ गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे।

**हिंसक हो गया प्रदर्शन :** वहीं खजवाना गांव में चल रहा विरोध प्रदर्शन मंगलवार दोपहर 2 बजे हिंसक हो गया। घटना के विरोध में गांव के लोगों ने मंगलवार सुबह 11 बजे रास्ता रोककर जाम लगा दिया व धरना देकर बैठे गए थे। रोड पर पत्थर रखना शुरू कर दिया। सुबह 10 बजे से ही घटना के विरोध में ग्रामीण खजवाना गांव से निकल रहे स्टेट हाइवे -39 व स्टेट हाइवे - 63 को रोक कर बैठ गए । ग्रामीण आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इस दौरान डिप्टी विजय सिंह सांखला और तहसीलदार पेमाराम चौधरी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश करने लगे। वहीं दोपहर 1 बजे तक दो-तीन दौर की वार्ता हो चुकी थी। जाम हटाने को लेकर सहमति भी बन गई थी, लेकिन पुलिस ने पूरी बात होने से पहले ही सड़क से पत्थर और छड़ियां हटाना शुरू कर दिया। इससे बात बिगड़ गई। माहौल बिगड़ता देख पुलिस जाप्ता बुलाया गया। दोपहर 2 बजे पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंच गया और रास्ता खोलने को लेकर पुलिस ने प्रयास किया गया तो स्थित तनावपूर्ण हो गई। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया व ग्रामीण हिंसक हो गए। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया तो लाठी-भाठा जंग शुरू हो गई।

**ग्रामीणों ने फेंके पत्थर तो पुलिस ने भांजी लाठियां :** लोगों ने जमकर पुलिस पर पत्थर फेंके, जवाब में पुलिस ने लाठीचार्ज किया। ग्रामीणों ने जमकर पत्थरबाजी की । एक बार पुलिसवाले जान बचाकर दौड़ते नजर आए। करीब आधे घंटे तक पत्थरबाजी होती रही। पुलिस के लाठीचार्ज में 6-7 ग्रामीण घायल हो गए। पत्थरबाजी में कुचेरा थानाधिकारी राजपालसिंह समेत 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। कुचेरा एसएचओ राजपाल सिंह का पत्थरबाजी में सिर फट गया। उन्हें घायल हालत में नागौर रेफर किया गया । पत्थरबाजी और हंगामे की सूचना पर शाम 4 बजे के करीब एएसपी राजेश मीणा, मूण्डवा तहसीलदार पेमाराम चौधरी, मूण्डवा सीओ विजयकुमार सांखला, नागौर सदर एसएचओ रूपाराम, मूण्डवा एसएचओ रिछपाल सिंह, भावंडा एसएचओ सिद्धार्थ प्रजापत, पादू कलां एसएचओ सुमन और खींवसर एसएचओ अशोक बिशु सहित आरएसी का भारी पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा।

शाम 4.30 बजे एडीशनल एसपी रामस्वरूप मीणा, एसडीएम अधिकारी सुनिल पंवार व पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में जिसमें थानेदार और बीट कांस्टेबल को हटाने पर सहमति बनी। इसके अलावा 22 जून को हुए बलवीर हत्याकांड की जांच खींवसर थानाधिकारी अशोक बिसु को सौंपने, आज के मामले में किसी ग्रामीण पर कार्रवाई नहीं करने, अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई ।

## पार्ट्स बदलने वाले दो जनों को किया गिरफ्तार

### दुपहिया वाहन चोरी का मामला

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामले में अब उनके पुर्जों को बदलने वाले शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यहाँ चोरी के वाहनों में पार्ट्स की अदला बदली करने के मामले में लाडनूं पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया है। लाडनूं थानाधिकारी राजेंद्र सिंह से मिली जानकारी के अनुसार वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार किये गए 3 आरोपियों का न्यायालय से पीसी रिमांड मिलने के बाद उनसे गहन पूछताछ की गई तो यह बात सामने आई कि बेचे गए चोरी के वाहनों के नए पार्ट्स को निकालकर पुर्जों की अदला बदली कर बाईक को चेंज कर दिया जाता था इस मामले में पुलिस ने भंवरलाल पुत्र आशाराम प्रजापत निवासी कुम्हारों का बास व राजा पुत्र मुस्लिम बिसायती स्टेडियम के पास को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दुपहिया वाहनों के बदले गए पार्ट्स भी बरामद किये हैं। इसके साथ ही लाडनूं पुलिस ने रामचंद्र निवासी दुजार की रिपोर्ट के आधार पर घर से आभूषण व् नगदी चोरी करने के मामले में शंकरलाल पुत्र हरदेवाराम मेघवाल, कालूराम पुत्र मनसुखराम मेघवाल व इंदरचंद पुत्र पूनमचंद नायक निवासी दुजार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने चांदी के करीब ढाई लाख रूपये के जेवर सहित नगद राशि बरामद की है।

## डॉ. राठौड़ की स्मृति में रन फ़ॉर यूनिटी एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

अबू बकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** भारत विकास परिषद शाखा लाडनूं के तत्वावधान में स्व. डॉक्टर भगवान सिंह राठौड़ के जन्म दिवस के उपलक्ष में अच्छे स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से रन फॉर यूनिटी दौड़ का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए डॉ. राठौड़ की पुण्य स्मृति में पौधारोपण भी किया गया। परिषद के सुशील पीपलवा, अंजना शर्मा, प्रकाश सोनी, सीए नीतेश माथुर, लक्ष्मण शर्मा और लाडनूं शहर से नरपत सिंह, हुकुम सिंह, जगदीश पोटलीया, लक्ष्मीकांत भोजक, संतोष भोजक, छोगाराम बुरड़क, सुरेश चौधरी, लूनाराम गोदारा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की सूत्रधार डॉ ज्योत्सना राठौड़, अभिलाषा एंव अभिषेक राठौड़ ने सभी सहभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## झाड़ोद में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारम्भ

मौलासर(नागौर डेली न्यूज)

समीपस्थ मौलासर तहसील के झाड़ोद ग्राम में 27 जून से श्रीमद् भागवत कथा अमृत वर्षा का शुभारम्भ हो गया है। यह कथा 3 जुलाई तक चलेगी। आयोजनकर्ता मेड़तिया परिवार ने बताया कि भागवत कथा वाचक वृंदावन धाम से कथा व्यास साध्वी लक्ष्मी रामायणी होगी तथा कथा का समय प्रतिदिन शाम 3 बजे से लेकर 7 बजे तक होगा। 4 जुलाई को पूर्णाहुति व कन्या भोज का आयोजन होगा। कथा के प्रथम दिवस पर भगवान शुकदेव के जन्म का महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कथा के दूसरे दिन शुकदेव पूजन का आयोजन किया गया। कल सती चरित्र तथा ध्रुव चरित्र पर व्याख्यान होगा। इस कथा में सभी धर्म प्रेमी आमंत्रित है तथा इस संगीतमयी भागवत कथा का आयोजन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है।

## शहर के तंग रास्तों पर हो रहे भव्य व्यवसायिक निर्माण

### ताक पर रखे जा रहे नगरपालिका के नियम कायदे

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर में बाजार की तंग गलियों में नगरपालिका के कायदों को ताक पर रखकर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण धड़ल्ले से चल रहा है। मगर नगरपालिका के जिम्मेदारों ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है। जानकारी के अनुसार लाडनूं के मुख्य बाजार हनुमान गेट के सामने वाली मुर्दा गली के संकरे रस्ते पर नगरपालिका की बिना ईजाजत तामीर लिए तीन दुकानों का निर्माण हो गया व उससे कुछ दूरी पर ही बुक स्टोर के सामने भव्य व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण पिछले दो माह से धड़ल्ले से चल रहा है। मगर जिम्मेदार इन पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं। इसके आलावा भी यहां मुख्य बाजार में आधा दर्जन स्थानों पर नगरपालिका की बिना अनुमति के भव्य निर्माण कार्य जोर शोर से चल रहे हैं। सबसे मजेदार बात यह है कि निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स, कारखाने मुख्य बाजार के संकरे रास्तों पर बनाये जा रहे हैं जिनकी गिट्टी,बजरी व सीमेंट सड़क पर चारों और बिखरी रहती हैं इससे इन मुख्य मार्गों पर गुजरने वाले राहगीर परेशान होते है। इसके साथ ही निर्माणाधीन व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स में पार्किंग सहित इमरजेंसी से निपटने की व्यवस्था की कोई पालना भी यहां नहीं की जा रही। भविष्य में यहां अप्रिय घटना होने पर फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस के आने तक का रास्ता नहीं रखा गया है। इसके अलावा नगरपालिका के मुख्य आय स्रोत, भवन की स्वीकृति, इजाजत तामीर से होने वाली राजस्व आय को नगरपालिका के जिम्मेदार ही भारी नुक्सान पहुंचाने में लगे हुए हैं।

**इनका कहना है**

'तंग रास्तों पर बिना पालिका की स्वीकृति के चल रहे निर्माण कार्यों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी।'

**मघराज डूडी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका लाडनूँ**

## माली समाज ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील के माली समाज ने अनिल कुमार, उपखण्ड अधिकारी लाडनूं को सी.एम. अशोक गहलोत मुख्यमंत्री राजस्थान को ज्ञापन भेजकर माली (सैनी) समाज को आरक्षण देने सहित अपनी 11 सूत्रीय मांगे रखी है।

ज्ञापन में बताया गया कि महात्मा ज्योति फुले कल्याण बोर्ड का गठन किया जाये, महात्मा ज्योतिबाफुले फाउंडेशन का निर्माण शीघ्र हो, माली, सैनी, कुशवाहा, शाक्य, मौर्य आदि को अलग से पृथक आरक्षण दिया जाये, प्रदेशभर में सब्जी के ठेले लगाने वाले लोगों के लिए स्थान निश्चित किया जाये, बागवानी विकास बोर्ड का गठन, फुले दंपति के नाम से यूनिवर्सिटी में शोध केंद्र की स्थापना, संग्रहालय निर्माण, महात्मा फुले जयंती का अवकाश घोषित किया जाये ,भारतीय सेना में सैनी रेजिमेंट सहित महात्मा फुले को भारत रत्न देने आदि मांगे सरकार के समक्ष रखी गई। ज्ञापन माली समाज तहसील लाडनूं के बेनर तले दिया गया।

## किसानों का सम्पूर्ण कर्ज हो माफ : जिलाध्यक्ष गोरा

### किसान मोर्चा ने शुरू किया पोस्टकार्ड अभियान

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की संपूर्ण कर्ज माफी का वादा पूरा नहीं करने पर भाजपा किसान मोर्चा नागौर की ओर से मंडल स्तर पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। नागौर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मदनराम गोरा ने बताया कि विधानसभा चुनाव में राज्य सरकार ने किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी की घोषणा की थी, जो अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। राज्य सरकार को याद दिलाने व किसानों के सम्पूर्ण कर्जमाफी नहीं होने पर किसान मोर्चा द्वारा सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई हैं। नागौर जिला अध्यक्ष गोरा ने कहा कि यह अभियान जिले सहित सभी मंडलों में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि जिलेभर से करीब एक लाख किसानों द्वारा हस्ताक्षर अभियान में पोस्ट कार्ड लिखे जाएंगे । इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मदनराम गोरा के साथ खींया राम, भिंयाराम, बनाराम राजेन्द्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

## राजकीय विद्यालय शाला दर्पण प्रभारियों की बैठक आयोजित

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में राजकीय विद्यालयों के शाला दर्पण प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय ने सभी राजकीय विद्यालयों के शाला दर्पण प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कुचामन ब्लॉक हमेशा से ही अग्रणी रहा है। नागौर जिले में प्रथम स्थान पर लाने के लिए हमें और प्रयास करने पड़ेंगे अभी नागौर जिले में कुचामनसिटी बहुत ही अच्छी स्थिति में है। शिक्षा नगरी के नाम से कुचामनसिटी जाना जाता है और पिछले वर्षों से राजकीय विद्यालयों में नामांकन में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है जो कि राजकीय विद्यालयों व शिक्षा के लिए अच्छे संकेत हैं। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश सिंह चौधरी ने कहा कि समय पर शाला दर्पण का काम संपन्न करवाएं, अब नामांकन शुरू हो गया है प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम चल रहा है और कोई भी काम पेंडिंग में नहीं रखकर शाला दर्पण पर उसकी तुरंत एंट्री कर दी जाए तो समय पर काम संपन्न हो जाएगा। आरपी सुरेश सोनी ने शाला दर्पण की समझ हेतु व्हाट्सअप ग्रुप से अपनी समस्या समाधान कर सकते है। केआरपी धनेश कुमार शर्मा प्रधानाध्यापक जसवंतपुरा और डॉ. ईश्वर राम बेड़ा ने सभी शाला दर्पण प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया और शाला दर्पण में आने वाली सभी समस्याओं से अवगत करवाया तथा उन समस्याओं का समाधान भी बताया। शाला दर्पण से संबंधित विभाग द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों की पालना करने और शाला दर्पण का काम समय पर संपन्न करने पर जोर दिया। विद्यालय से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधित गतिविधियां, सामुदायिक सहभागिता, कर्मचारी, विद्यार्थी, योजनाएं, बालिका शिक्षा, हेल्प डेस्क, विविध प्रकार की शाला दर्पण में आने वाली समस्याओं से के बारे में बताया। सुरेश मुंड, भंवरलाल, प्रह्लाद सिंह, नितेश, भागीरथ आदि उपस्थित रहे।

## मेरा लक्ष्य विकास को बढ़ावा देना, विपक्ष की तरह कमियां निकालना नहीं : विजयपाल मिर्धा

### डेगाना विधानसभा क्षेत्र के 11 गावों मे खुदेंगे नये नलकूप

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा लगातार डेगाना के विकास को गति दे रहे हैं और हर क्षेत्र में नई नई घोषणा करवा रहे हैं। विकास पुरुष के नाम से जाने जाने वाले विधायक विजयपाल मिर्धा लगातार डेगाना में नई-नई घोषणाएं करवा रहे हैं। विधायक विजयपाल मिर्धा ने कहा कि मेरा लक्ष्य विपक्ष की तरह कमियां निकालना नहीं है। मैं लगातार डेगाना विधानसभा क्षेत्र में नई-नई घोषणाएं करवा रहा हूं और आने वाले समय में भी विकास के कार्य करवाई जाएंगे। इसी क्रम में डेगाना विधान सभा क्षेत्र की 11 ग्राम पंचायतों के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों ओर मवेशियों के सामने आने वाली पेयजल की समस्या का निराकरण कराने के लिए डेगाना के विधायक विजयपाल मिर्धा की अनुषंशा पर सरकार ने नये नलकूप खोदनें की स्वीकृति प्रदान की है, जिससे गर्मी के मौसम में लोगो के सामने आने वाली पेयजल संबधि समस्या का समाधान होगा। विधायक के प्रवक्ता दीपक अग्रावत ने इसकी जानकारी देकर बताया की जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों के द्वारा बताई पेयजल समस्या पर सुनवाई करते हुये विधायक मिर्धा ने सरकार से नये ट्यूबवेल खुदवाने की अनुशषा की थी।

इस पर राज्य सरकार ने अपनी मोहर लगाकर स्वीकृति प्रदान की है, जिसके अनुसार ग्राम पंचायत चोलियास के ग्राम नेणास, ईगयासनी, ग्राम हरसोर, ग्राम पंचायत आंतरोली के ग्राम खिन्दास , ग्राम मांझी, ग्राम पंचायत खैरवा के ग्राम भादवासी में, ग्राम बरना, ग्राम पंचायत आंतरोली कला के ग्राम अलवास, सारसंडा, ग्राम पंचायत खिवंताणा के हनुमान नगर ओर ग्राम पंचायत राजोद के ग्राम चकढाणी मे एक एक नये नलकूप खोदने की प्रशासनिक ओर वित्तिय स्वीकृति जारी कर दी है।

## मूण्डवा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपुर्ति रहेगी बंद

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** विद्युत डिस्कॉम मूंडवा के क्षेत्राधिकार अधिनस्थ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा ऋतु के दौरान बिजली व्यवस्था दुरस्त करने हेतु राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड 132 केवी जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य किये जाने के कारण बुधवार को सुबह 06 बजे से दोपहर 10 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मुण्डवा शहर कनिष्ठ अभियंता कैलाश भाकर ने बताया कि राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड मूंडवा के 132 केवी जीएसएस से निकलने वाले 33 केवी जीएसएस मूंडवा, आईपीडीएस जीएसएस मुण्डवा, क्यार की ढ़ाणी, थिरोद, खारडा, झुझण्डा, संखवास एवं संखवास पीएचईडी उपचौकियों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी जिसके कारण मूण्डवा शहर सहित बस सटैण्ड, सदर बाजार, पठार का चौक, पोकण्डी मौहल्ला, हरिजन बस्ती, चौकीदारों का मौहल्ला, एवं इन्दिरा कॉलोनी बिजली बंद रहेगी। इसके अलावा ग्रामीण क्षैत्रों में पालड़ी पिचकिया, संखवास, शीलगांव, मुन्दियाड़, कड़लु फांटा, मोड़ी, हिलोड़ी, गोलियासनी, थिरोद एवं झुझंडा गांवों की विद्युत आपुर्ति बाधित रहेगी।

# 25 हजार की रिश्वत लेते डिस्कॉम का सुपरवाइजर गिरफ्तार

## नागौर एसीबी ने दिया कार्यवाही को अंजाम

सद्दाम रंगरेज

**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** सरकारें भले ही तमाम प्रयास कर लें परन्तु लालची राजकीय अधिकारी-कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। सरकारें भले ही इन्हें ठूंस-ठूंस कर तनख्वाहें देती हो परन्तु इनका लालच छूटता नहीं है और 10-20 हजार रूपयों में मुंह मारते रहते हैं। ताजा मामला नागौर शहर का है जहां विद्युत विभाग में कार्यरत सहायक अभियंता रिश्वत की राशि लेते हुए रंगों हाथों गिरफ्तार हुए हैं। नागौर एसीबी अब आरोपी का पूरा कच्चा चिट्ठा खंगालने में जुटी है।

मामला मंगलवार का है जहां भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) नागौर ने नागौर शहर के अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता कार्यालय में कार्यरत इंजीनियरिंग सुपरवाइजर प्रकाश चंद पुत्र बिरदीचंद रेगर उम्र 41 वर्ष निवासी नागौर को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। नागौर एसीबी निरीक्षक सुशीला विश्नोई से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। सोलर प्लांट लगाने वाले परिवादी के उपभोक्ता के एमडी सुलेमानी का कनेक्शन में नाम बदलना व लोड बढ़ाना था।



### दफ्तर में ही ले ली रिश्वत

नागौर एसीबी निरीक्षक सुशीला विश्नोई के नेतृत्व में नागौर शहर एईएन ऑफिस में इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यहां सहायक अभियंता कार्यालय में कार्यरत इंजीनियरिंग सुपरवाइजर प्रकाश चंद के कमरे में परिवादी से इंजीनियरिंग सुपरवाइजर प्रकाश चंद को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। परिवादी का कार्य करने की एवज में इंजीनियरिंग सुपरवाइजर प्रकाश चंद ने परिवादी से 25 हजार रुपए मांगे थे। बताया जा रहा है कि इसमें से 16-17 हजार रुपए राजकीय राशि व बाकी रिश्वत राशि थी।

# निमोद में नहीं थम रहा चोरों का आतंक

## लगातार हो रही है चोरियां

कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में भी चोरों का नाइट शो जारी है। ग्राम निमोद में चोरों का आतंक लगातार बरकरार है। ग्राम निमोद में ही कुछ दिन पूर्व ही चोरों ने कस्बे में लाखों रुपए सहित नकदी की चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसके बाद अब कस्बे के ही एक मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए सहित सामान चोरी होने का मामला सामने आया है, जिससे पूरे गांव में दहशत फैल गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निमोद निवासी मोहन सिंह पुत्र बाल सिंह जाति रावणा राजपूत ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुये बताया कि वह व उसकी मां अपने परिवार सहित खाना खाकर एक कमरे के चौक में सोये हुए थे। प्रार्थी मोहन सिंह ने बताया कि रात को करीबन 12 से 1 बजे के बीच उसे नींद नहीं आ रही थी, लेकिन फिर उसे नींद आ गई। उसके बाद सुबह करीबन साढ़े चार बजे जब उठा तो उसकी मां उगम कंवर उसके साथ ही जाग गई, तब उसकी माँ चाय बनाने की के लिए कमरे से सामान लेने गई तो कमरे में रखा एक बक्सा उसे गायब मिला, तब उसने उस बक्से के बारे में मोहन सिंह को बताया तब परिवार के लोगो ने उस बक्से को घर के आस- पास देखा तो बक्सा रोड़ के पास स्थित एक दीवार पड़ा मिला। मोहन सिंह ने बताया कि वह व उसकी मां ने चोरी का अंदेशा लगाते हुए अपने घर में पड़े सामान की जांच की तो घर में सहकारी समिति से एक लाख रुपये लोन के रूप में लाकर रखे थे, जो उसे गायब मिले। वहीं दो ड्रेस, दो डब्बे चाय-चीनी और राशन कार्ड, आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड व एक बैंक एटीएम उसे गायब मिले। मोहन सिंह ने चोरी होने सूचना पुलिस को दी।



### 70 दिन में सातवीं चोरी लेकिन पुलिस के हाथ अभी भी खाली

**जानकारी के अनुसार निमोद में लगातार चोरियां होने का ग्राफ बढ़ता हुआ नजर आ रहा है लेकिन पुलिस के हाथ अभी भी खाली ही नजर आ रहा हैं। जानकारी के अनुसार कस्बे में इन 70 दिनों में यह सातवीं चोरी की घटना पुलिस के नाकाम रवेये को दर्शा रहा है। वहीं ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ खासा रोष व्याप्त है।**

### पुलिस जुटी तलाश में, खंगाले सीसीटीवी फुटेज

निमोद कस्बे में चोरी होने की वारदात के बाद मौके पर पहुंची मौलासर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने चोरों की तलाश करने के लिए कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने लग गई। लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया।

### इनका कहना है

निमोद में चोरी होने का मामला सामने आया। प्रार्थी के रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस जल्द ही चोरों का पता लगाएगी।

**जसवंत देव**
**थानाधिकारी मौलासर**

# तालीम हासिल किए बगैर तरक्की संभव नहीं - गुलजार

## देशवाली मदद फाउंडेशन ने स्थापना दिवस पर मदरसें में वितरण की शिक्षण सामग्री

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ).** मंगलवार को ग्राम पीह में देशवाली मदद फाउंडेशन ने स्थापना दिवस पर मदरसा के फैजाने हिफजुल कुरान टीम के मदरसे के 150 बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया। टीम द्वारा मदरसा के होनहार तालिबे इल्मो को इनामात तक्सीम किए गए। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्य व देशवाली विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन गुलजार मोहम्मद ने कहा कि तालीम हासिल किए बगैर इंसान तरक्की हासिल नहीं कर सकता हैं। तालीम के बगैर जिंदगी ना मुकम्मल है। बच्चों को दिलचस्पी से तालीम हासिल कर अपने परिवार व देश का नाम रोशन करना होगा। नई पीढी को बेहतरीन शिक्षा देकर काबिल बनाए। मदद फाउंडेशन समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने तथा सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता जगाने के सराहनीय कार्य कर रहा है।



**ये रहे मौजूद**- सदर सुबान खान, सचिव इकबाल पिनारा, कमालुद्दीन, अलवर पटेल, सत्तार खान, सरदार मोहम्मद, शब्बीर मोहम्मद, इस्माइल, बिलाल, हकीम, उम्मेद, जाकिर, मौलाना शाकिर अहमद, महबूब अली, अलानुर पटेल, अकबर अली आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया प्रवेशोत्सव मानाया



कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे की झाड़ोद रोड़ स्थित बचपन कान्वेंट एंड प्ले स्कूल में मंगलवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ कर प्रवेशोत्सव मनाया गया। संस्था निर्देशक हनुमान चौधरी ने बताया कि शिक्षा मनुष्य के भीतर अच्छे विचारों का निर्माण करती है। मनुष्य के जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। बेहतर समाज के निर्माण में सुशिक्षित नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षा उद्देश्य के अनुसार हमें बालकों में अनुशासन, सहनशीलता, त्याग, सामाजिक भावनाओं की समझदारी तथा नागरिक एवं व्यावहारिक कुशलता आदि गुणों को विकसित करना चाहिये। जिससे वे बड़े होकर राजनितिक, सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक सभी क्षेत्रों में अपने-अपने उतरदायित्व को सफलतापूर्वक निभाते हुए सफल नेतृत्व कर सकें। कार्यक्रम के दौरान लिछमणराम कुकणां, प्रधानाचार्य हरदीप सिंह, गजाधर बुगालिया, अशोक टेलर, राकेश कस्वां, सागरमल, श्याम सिंह, अर्जुन, रामकरण, भींवाराम, नेमाराम अनेक लोग उपस्थित रहें।

# गहलोत सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से किया आमजन का भला - ऊर्जा मंत्री भाटी

श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के बाईपास हाईवे पर स्थित केरिया बालाजी मंदिर परिसर में स्थित हॉल में मंगलवार को दोपहर को ग्राम पंचायत व ग्रामीणो के द्वारा ऊर्जा मंत्री का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। राज्य सरकार के ऊर्जा मंत्री भंवरसिंह भाटी व विशिष्ट अतिथि रामसिंह राव का ढोल ढमाके के साथ माला, साफा व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री भाटी ने कहा कि राज्य सरकार कई जन कल्याणकारी योजनाओ से आमजन का भला कर रही है। कोरोना काल की भीषण त्रासदी में नि:शुल्क गेहू वितरण, बिजली बिलो में छूट, पुरानी पेंशन लागू करना आदि योजनाओं से आमजन को उभारा है। बिजली क्षेत्र में पंद्रह लाख किसानों को बिजली कनेक्शन, बिजली बिलो में छूट देकर किसान परिवारो को फायदा पहुंचाया है। इस दौरान ऊर्जा मंत्री भाटी, रामसिंह राव, पूर्व जिला न्यायाधीश उदयचंद बारुपाल, विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह आदि ने केरिया नाड़ा परिसर में पौधारोपण किया। साथ ही एक कलात्मक फव्वारे का भी विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। ज्ञात रहे कि ऊर्जा मंत्री भाटी व अन्य मंत्री मामडोली में



33/11 केवी सब ग्रीड स्टेशन के लोकार्पण समारोह में जा रहे थे। ऊर्जा मंत्री का ग्रामीणों के साथ साथ विद्युत विभाग के लाईन मैन आमीर खान, विनोद नागर, निर्मल कुमावत ने स्वागत किया। वहीं मनरेगा महिला श्रमिक भी स्वागत समारोह में सम्मिलित हुई। इस दौरान पूर्व जिला न्यायाधीश उदयचंद बारुपाल, विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सरपंच कैलादेवी बावरी, समाजसेवी दलपत सिंह रुणिजा, वार्ड पंच प्रेमसुख योगी, पूर्व सरपंच नरेन्द्रसिंह मंडावरा, प्रदीप सिंह श्यामपुरा, भूपेंद्र सिंह पलाड़ा, गिरधारी सिंह लिचाणा, डालुराम बारुपाल, गहना बारूपाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक ,महिला श्रमिक व पुलिस प्रशासन भी आदि मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सभी को होना होगा जागरूक - गर्वा

## भ्रष्टाचार कैसे रोके इसको लेकर क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहे भ्रष्टाचार निरोधक सिंह वाहिनी न्यास अजमेर संभाग प्रभारी डॉ सोहननाथ गर्वा, लोगों से मिलकर भ्रष्टाचार को रोकने को लेकर की चर्चाजुगल किशोर

हरसौर(नागौर डेली न्यूज) :

मंगलवार को क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहें भ्रष्टाचार निरोधक सिंह वाहिनी न्यास अजमेर संभाग प्रभारी डॉ सोहननाथ गर्वा ने गांवों में जाकर ग्रामीणो से मुलाकात की। गर्वा ने कहा कि देश में बढ़ता भ्रष्टाचार चिंता का विषय है। ग़रीब लोगों को सरकारी कार्य करवाने में रिश्वत देनी पड़ती है,जब की सरकार कर्मचारियों और अधिकारियों को हर महीने लाखों रुपए का भुगतान करती है। इसके बावजूद भी सरकारी कार्यालयों में आये दिन भ्रष्टाचार के मामले सामने आते हैं और रिश्वत लेते हुए कर्मचारी और अधिकारी पकड़े जाते हैं। यह हमारे देश के लिए बहुत बड़ी समस्या है, भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सभी लोगों को जागरूक होना पड़ेगा तभी जाकर भ्रष्टाचार रोका जा सकता है। भ्रष्टाचार निरोधक सिंह वाहिनी न्यास संगठन के द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। भ्रष्टाचार जैसी चुनौती को रोकने में के लिए सभी को जागरूक कर रहे हैं। आने वाले समय में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए



ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रष्टाचार निरोधक सिंह वाहिनी द्वारा पोस्टर विमोचन भी किए जाएंगे। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए महत्वपूर्ण उपाय भी बताए जाएंगे। राजस्थान में लगातार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा आये दिन कार्यवाही करते हुए रहते हैं। फिर भी बिना जागरूक लोग अपना कार्य करवाने के बदले रिश्वत मांगने पर पैसा दे देते हैं, जो ग़लत है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम बागोट के मुख्य बाजार में भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोनू राठौड़ नैणीयाँ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर मोदी सरकार की 8 वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों से आमजन से अवगत कराया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से जुड़ी योजनाओं के पत्रक भी वितरित किए। इस दौरान प्रदेश प्रतिनिधि भाजपा राजस्थान मूलचंद चिताई, युवा मोर्चा मंत्री मुकेश सिरोया जीनगर, गिरधारी सिंह, रोहित पारीक, हरिओम सिंह, मूलसिंह बरेव, विनय जांगिड़ आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com